हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 24 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 842 योजनाएं पंचायतों को हैंडओवर 249 का संचालन अभी पीएचई...



10 पुलिस ने की कार्रवाई, 7 लाख रुपए की 38.15 ग्राम एमडी...



चिंतामणि गणेश मंडल के विराट कवि सम्मेलन में देर रात तक गूंजा हास्य-व्यंग्य और वीर रस

देशभर से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाया देशभक्ति और सामाजिक सरोकारों का दिया संदेश, श्रोताओं ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री चिंतामणि सार्वजनिक गणेश मंडल द्वारा गणेशोत्सव के दौरान मानवसेवा, समाजसेवा एवं सांस्कृतिक-सामाजिक आयोजनों की श्रृंखला में साहित्य प्रेम का परिचय देते हुए अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देशभर से आए कवियों ने हास्य-व्यंग्य, वीर रस और श्रृंगार रस की कविताओं से श्रोताओं को देर रात तक गुदगुदाया और भावविभोर किया। लंबे समय तक चले कवि सम्मेलन में श्रोताओं की भारी भीड़ मौजूद रही। कवियों ने भी उत्साहपूर्वक अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। मंडल द्वारा गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ मानवसेवा एवं समाजसेवा के विभिन्न कार्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। समिति का उद्देश्य सामाजिक एकता, सेवा भावना और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में आयोजित कवि सम्मेलन ने लोगों को साहित्य और हास्य-व्यंग्य से जोड़ते हुए सामाजिक एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में चिंतामणि गणेश मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कवियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। आयोजन की व्यवस्थाओं एवं सफल संचालन में यशवर्धन चौबे, डॉ. यशवंत चौबे, गोपाल शर्मा, अभिषेक साहू, राम राजपूत, कुलदीप रघुवंशी, राजा राजपूत, राजेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों का योगदान रहा।



नर्मदापुरम से आए कवि सुभाष यादव भारती ने सामाजिक एकता, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम का संदेश देते हुए कहा भाई-भाई में बढ़ा दें प्रीत हम, भूलें न संस्कृति की रीत हम। गीत से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे कवि पवन प्रबल ने बदलते सामाजिक मूल्यों और रिश्तों की व्यावसायिकता पर कटाक्ष करते हुए अपनी रचना प्रस्तुत की। विश्वासों को छलछद्मों तक ले आए हैं।रिश्तों को अब हम धंधों तक ले आए हैं। कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा। श्रोताओं ने कवियों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया और तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन में हास्य-व्यंग्य के साथ देशभक्ति, सामाजिक सरोकार और मानवीय भावनाओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

कवियों ने बांधा समां

- जिंदगी के रास्ते आसान नहीं है,फिर भी मुस्कराने में कोई नुकसान नहीं है। राजेन्द्र मालवीय "आलसी"
- मन की सरहद में घूम लेती हूं।इन हवाओं में झूम लेती हूं।याद जब भी तुम्हारी आती है,मैं तिरंगे को चूम लेती हूं। कवयित्री प्रीति पांडे
- न चैन न सुकून हैं कमाने के वास्ते,सब खो रहे हैं हम यहां पाने के वास्ते है चार दिन की जिंदगी दिल खोल के जिओ,हम सब यहां पे आए हैं जाने के वास्ते। कवि जसवेंद्र बुंदेला
- बलिदान पूज्य होते हैं, स्वाभिमान सुशोभित होता है,शीश नहीं झुकने पर हिंदुस्तान सुशोभित होता है। पिता त्याग देते हैं बुढ़ापे के एकमात्र सहारे को,आंख से ओझल कर देती है मां। कवि सुमित सिंह

खबर संक्षेप

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 26 सितंबर को

नर्मदापुरम। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं जनसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम में 26 सितंबर को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर महाविद्यालय परिसर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक एवं नेत्र परीक्षण दल द्वारा नेत्र जांच की जाएगी।

सेवा संकल्प अभियान में विद्यार्थियों ने दिखाए हुनर

माखननगर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संकुल स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन शिवपुर में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता में संकुल की 20 शालाओं के विद्यार्थियों ने सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में 95 तथा भाषण प्रतियोगिता में 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोनों प्रतियोगिताओं के कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्गों में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और वक्तृत्व कौशल से निर्णायक समिति को प्रभावित किया।

जिला प्रशासन ने जारी किए निर्देश, नपाध्यक्ष ने देखी विसर्जन स्थल पर व्यवस्थाएं

10 दिवसीय गणेशोत्सव का विराम कल निर्धारित स्थल पर होगा प्रतिमा वसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

14 सितंबर से 25 सितंबर तक चले श्री गणेशोत्सव का विराम प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ होगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं बनाई गई।

जिले में अब 10 दिवसीय गणेशोत्सव अपने विराम की ओर है। मंगलवार को जिले भर में डोल ग्यारस का पर्व मनाया गया। वहीं बुधवार को गणेश पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। अब गणेशोत्सव महोत्सव अपने अंतिम चरण में है तथा शुक्रवार को गणेश प्रतिमाओं के विर्सजन से महोत्सव का सिलसिला शुरू होगा। आज अनेक पंडालों में भंडारे प्रसादी आदि का कार्यक्रम किया जाएगा। वहीं कई पंडालों में हवन शांति की जाएगी। शुक्रवार को गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। नर्मदा के घाटों पर कृत्रिम जलकुण्ड बनाए गए हैं जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।



निर्धारित स्थलों पर ही गणेश प्रतिमा का विसर्जन करें

जिले में 14 सितंबर से 25 सितंबर तक गणेश पूजनोत्सव मनाया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर को निर्धारित विसर्जन स्थलों पर किया जाएगा। तत्संबंध में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम श्री राजेश कुमार शुक्ला द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार विसर्जन स्थलों का निर्धारण तथा प्रतिमा स्थल से विसर्जन स्थल तक के मार्गों का निर्धारण बैठक में किया जाएगा। विसर्जन मार्गों और विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी नगरीय क्षेत्रों में सभी सीएमओ की होगी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इसके लिए उत्तरदायी होंगे। जारी आदेशानुसार सभी संबंधित अधिकारी अपने विभागीय अमले के माध्यम से उक्त व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करेंगे।

नपाध्यक्ष नीतू यादव ने किया कृत्रिम कुंड स्थल का निरीक्षण

नर्मदापुरम। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बुधवार को हर्बल पार्क घाट पर बन रहे कृत्रिम कुंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित नपा की टीम को सख्त निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही कृत्रिम कुंड तक पहुंचने के लिए सड़क को तैयार करें। कुंड के आसपास लाइटिंग व्यवस्था, पेयजल और पर्याप्त ऐरिया में टेंट लगाएं। साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाएं कुंड में विसर्जित करें। निरीक्षण के दौरान इंजीनियर दीक्षा तिवारी, पूर्व पार्षद अर्पित मालवीय सहित नपा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ वैभव देशमुख द्वारा नागरिकों से अपील की है कि मां नर्मदा के जल में सीधे मूर्तियों का विसर्जन न करें। विसर्जन के लिए हर्बल पार्क घाट पर कृत्रिम कुंड बनाया जा रहा है।

रेलवे स्टेशन पर सप्लाई हो रही थी सामग्री, 3 पर मामला दर्ज

अवैध किचन पर पुलिस का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सिटी पुलिस ने रेलवे प्लेटफॉर्म पर अवैध रूप से खाद्य सामग्री और चाय सप्लाई करने वाले एक अवैध किचन पर कार्रवाई की है। मिली सूचना के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस ने जाहिद खान नामक वेंडर के ठिकाने पर छापा मारा। यहां एक अत्यंत संकीर्ण जगह पर लापरवाही पूर्वक घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग कर चाय बनाई जा रही थी। पुलिस ने मौके से दो लोगों, राजेश उर्फ बबलू और राजकुमार नागवंशी, को पकड़ा। मौके से व्यावसायिक उपयोग में लाए जा रहे 2 घरेलू गैस सिलेंडर (1 इंडेन और 1 एचपी) जब्त किए गए हैं। पूछताछ के बाद पैंट्री संचालक जाहिद खान सहित मौके से पकड़े गए राजकुमार नागवंशी और राजेश उर्फ बबलू को आरोपी बनाया गया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



स्वच्छता और विरासत संरक्षण का संदेश लेकर प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक

इटारसी। संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली के सहयोग से नगर पालिका परिषद इटारसी के तत्वावधान में आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत "स्वच्छता, विरासत और विकास" विषय पर बुधवार को जय स्तंभ चौक, इटारसी में कर्मवीर जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति, नर्मदापुरम द्वारा नुक्कड़ नाटक "विरासत भी, विकास भी – स्वच्छता की नई कहानी" का प्रभावशाली मंचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सहित अन्य माननीय सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

एमजीएम महाविद्यालय में जिला स्तरीय रोजगार मेला में 149 युवाओं का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में शासकीय एमजीएम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य भवन में बुधवार को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 19 निजी कंपनियों और 8 सरकारी विभागों ने स्टॉल लगाए।

जिला रोजगार अधिकारी धर्मेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस मेले में कुल 251 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 149 छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता स्तर पर चयनित किया गया और 3 युवाओं को स्वरोजगार योजना का लाभ मिला। इसके अलावा 141 युवाओं की करियर काउंसलिंग की गई और स्वास्थ्य



शिविर में 90 विद्यार्थियों की जांच हुई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने युवाओं से स्वरोजगार और स्टार्टअप अपनाकर 'रोजगार प्रदाता' बनने की अपील की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने आइंस्टीन का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ कल्पना की उड़ान भरने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर इटारसी नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, एसडीएम निलेश कुमार शर्मा, पॉलिटेक्निक प्राचार्य राकेश कुमार चोलकर, उद्योग विभाग के देवेंद्र रघुवंशी और प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. पवन कुमार अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष ने किया वार्ड में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख और नगरपालिका की इंजीनियर दीक्षा तिवारी के साथ वार्ड क्रमांक 12 में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी और इंजीनियर को निर्देशित करते हुए समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख, भाजपा नेता रोहित गौर, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अर्पित मालवीय और निर्माण एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित थे।

दोहरे प्रभार से शहर का विकास और त्योहार की व्यवस्थाएं प्रभावित : अमृता ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर पालिका परिषद की पार्षद एवं राजस्व समिति सभापति अमृता मनीष ठाकुर ने नगर पालिका अध्यक्ष से इटारसी में सातों दिन उपलब्ध रहने वाले पूर्णकालिक मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) की पदस्थापना कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सीएमओ सुरेखा जाटव के पास रायसेन का भी दायित्व होने से वे सप्ताह में केवल तीन दिन ही इटारसी में उपलब्ध रह पाते हैं। दोहरे प्रभार की इस व्यवस्था के कारण शहर के विकास कार्यों, जनसमस्याओं के निराकरण और पार्षदों की फाइलों पर निर्णय लेने में भारी विलंब हो रहा है।

अमृता ठाकुर ने चिंता जताते हुए कहा कि आगामी दिनों में प्रमुख त्योहार आ रहे हैं। ऐसे समय में शहर की साफ-सफाई, यातायात, बाजार बैठकी, अतिक्रमण नियंत्रण और पेयजल व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय समय पर होना बेहद जरूरी हैं। इटारसी एक प्रमुख रेलवे जंक्शन और बड़ा व्यापारिक केंद्र है, जहां स्थायी सीएमओ का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नपा अध्यक्ष से आग्रह किया कि वे विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं सांसद दर्शन सिंह चौधरी से चर्चा कर शासन स्तर पर पहल कराएं ताकि इटारसी में जल्द पूर्णकालिक सीएमओ की नियुक्ति हो सके।

उपस्थिति सार्वजनिक करने की मांग

उन्होंने मांग रखी कि जब तक स्थायी अधिकारी की नियुक्ति नहीं होती, तब तक वर्तमान सीएमओ के इटारसी कार्यालय में रहने के दिन और समय का साप्ताहिक कार्यक्रम सार्वजनिक किया जाए। इस शेड्यूल को नपा के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप और सूचना-पटल पर प्रदर्शित किया जाए, ताकि पार्षदों, समिति सभापतियों और आम जनता को मिलने का निश्चित समय पता रहे और लंबित प्रकरणों का समयबद्ध समाधान हो सके।

दिन भर तपी धूप, रही उमस शाम को हुई झमाझम बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में बुधवार को दिनभर मौसम बदलता रहा। कभी तेज धूप निकली तो कभी बारिश हुई। सुबह से ही यह स्थिति बनी रही। इसके बावजूद गर्मी और उमस से लोगों को राहत नहीं मिली। चिपचिपाती गर्मी से लोग परेशान रहे। तेज बारिश के बाद शहर की सड़कें पानी से भर गईं। कई जगह पानी जमा हो गया। आसमान में काले बादल भी छाए रहे। मौसम विभाग ने हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। 24 और 25 सितंबर को भारी बारिश की संभावना है। इस मानसून सीजन में जिले में पिछले साल की तुलना में कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, 1 जून से 23 सितंबर तक जिले में 32.39 इंच बारिश दर्ज हुई है। पिछले साल इसी अवधि में 52.54 इंच बारिश हुई थी। इस साल अब तक पिछले साल की तुलना में 20.15 इंच कम बारिश हुई

सोहागपुर में मनाया गया 128वां डोल ग्यारस महोत्सव, सजा मेला, उत्सव का हुआ 'श्रीगणेश'

सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित प्रतियोगिताएं व अखाड़ा रहे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

डोल ग्यारस पर्व पर मंगलवार को पारंपरिक आयोजन किए गए। डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह की उपस्थिति में मंगलवार रात रानी लक्ष्मी बाई मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम से आयोजन शुरू हुआ। भजन प्रतियोगिता बुधवार दिनभर जारी रही।

सोहागपुर समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर में हुई बारिश से आयोजन प्रभावित लग रहा था, लेकिन क्षेत्रवासियों के उत्साह ने आयोजन जारी रखा। समिति से चौधरी गजेंद्र सिंह, चौधरी राकेश सिंह, चौधरी सुरेंद्र सिंह, चौधरी नवीन सिंह, संजय तिवारी,





चुन्नीलाल मुदगल आदि ने बैज लगाकर अतिथि स्वागत किया। इसके बाद सत्या डांस ग्रुप नरसिंहपुर ने धार्मिक प्रसंग आधारित नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी। रात 12 बजे शुरू हुई भजन प्रतियोगिता बुधवार शाम तक जारी थी। इस दौरान विधायक विजयपाल सिंह एवं चौधरी राजेंद्र सिंह सहित वरिष्ठजन लक्ष्मीनारायण सोनी, विजय अग्रवाल, कृष्णा पालीवाल, बीके शर्मा, जपं अध्यक्ष जालमसिंह पटेल, पूर्व नपाध्यक्षद्वय संतोष मालवीय तथा अभिलाष चंदेल, गृहस्थ संत पं. प्रकाश मुदगल, कांग्रेस नेता हरगोविंद पुर्विया एवं पुष्पराज पटेल, भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, कांग्रेस नगराध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, मनोज अग्रवाल, सौरभ सोनी आदि उपस्थित थे। आयोजक बबलू पटवा ने बताया कि जादूगर अनवर खान ने शानदार प्रदर्शन किया।

हुआ अखाड़ा प्रदर्शन

नगर के श्रीराम चौक पर अखाड़ा प्रदर्शन में अखाड़ों के कुशल पहलवानों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। अखाड़ा प्रदर्शन देखने बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा व यातायात व्यवस्था संभाली। नगर स्थित मंदिरों से डोल निकाले गए, जिनमें माता यशोदा के साथ बाल कृष्ण विराजे एवं नगर भ्रमण किया। देर रात तक डोलों का नगर भ्रमण जारी रहा। लोगों ने अपने घरों के सामने डोल में विराजे भगवान का पूजन किया।

भगवान कृष्ण को कराया जल विहार

बुधवार सुबह सोहागपुर में डोल ग्यारस पर्व समापन पर जल विहार आयोजन पलकमती नदी किनारे किया गया। डोलों को नदी किनारे लाया गया। नदी की धार में डोल ले जाकर भगवान कृष्ण की आरती कर जलविहार कराया गया। मौके पर जनप्रिनिधियों सहित सैकड़ों भक्तजन तथा डोल ग्यारस समिति के वरिष्ठ तथा युवा सदस्य उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। सदियों से यह परंपरा सोहागपुर में जलविहार दिवस के रूप में मनाई जा रही है। जिसके दर्शन के लिए प्रतिवर्ष सैकड़ो श्रद्धालु पहुंचते हैं।

खबर संक्षेप



पंचमुखी रिद्धि-सिद्धि गणेशालय में गूंज रहे भजनों के स्वर

भौंरा। गणेशोत्सव के अवसर पर नगर के पटेल वार्ड स्थित प्रसिद्ध पंचमुखी रिद्धि-सिद्धि गणेशालय में इन दिनों धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। भगवान गणेश की आराधना के लिए मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम आरती का आयोजन किया जा रहा है। वहीं शाम के समय भजन-कीर्तन का आयोजन होने से मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहता है। पंचमुखी रिद्धि-सिद्धि गणेशालय नगरवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। गणेशोत्सव के दौरान मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। श्रद्धालु भगवान गणेश का पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। मंदिर से नगर के अनेक श्रद्धालुओं की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। श्रद्धालुओं का मानना है कि भगवान गणेश के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना और मनोकामना को लेकर लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। इसी आस्था के चलते गणेशोत्सव के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की विशेष आवाजाही बनी हुई है। कई श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर भगवान गणेश के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भी मंदिर पहुंचते हैं। गणेशोत्सव के दौरान सुबह-शाम होने वाली आरती में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान गणेश की आराधना कर रहे हैं।

1091 नलजल योजना में 63 पानी के अभाव में बंद, ट्यूबवेल फेल, अब कुओं में तलाशेंगे जलस्त्रोत

842 योजनाएं पंचायतों को हैंडओवर 249 का संचालन अभी पीएचई के पास



संजय द्विवेदी ▶▶बैतूल

जिले में कुल 1091 नलजल योजनाएं संचालित हैं। इनमें से 842 योजनाएं ग्राम पंचायतों को हैंडओवर की जा चुकी हैं, वहीं 249 योजनाओं का संचालन और संधारण फिलहाल पीएचई द्वारा किया जा रहा है। इन 249 योजनाओं को भी जल्द पंचायतों के सुपुर्द करने की तैयारी है। इन योजनाओं के संचालन और संधारण के लिए शासन स्तर से पंचायतों को राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। व्यवस्था में बदलाव का उद्देश्य यह है कि योजनाओं में आने वाली छोटी-मोटी खराबियों का स्थानीय स्तर पर ही जल्द निराकरण हो सके। गौरतलब है कि अभी तक किसी योजना में खराबी आने पर सुधार कार्य के लिए विभागीय प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, जिससे कई बार योजना लंबे समय तक बंद रहती थी और ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है। लेकिन नलजल योजनाओं की पंचायतों को जिम्मेदारी मिलने के बाद स्थानीय स्तर पर मरम्मत करवाने की व्यवस्था की गई है। जिससे नलजल योजनाओं में जल्द सुधार किया जा सकेगा और ग्रामीणों को भी पानी के लिए भटकना न पड़े।

63 नलजल योजनाएं पानी के स्त्रोत के अभाव में शुरू नहीं

जिले में करीब 63 नलजल योजनाएं ऐसी हैं, जो तैयार होने के बाद भी पानी के स्त्रोत के अभाव में अभी तक शुरू ही नहीं हो सकी है। इन योजनाओं के लिए कई स्थानों पर ट्यूबवेल का खनन कराया गया, लेकिन पानी नहीं मिलने के कारण योजनाओं का संचालन शुरू नहीं हो पाया। इनमें सबसे अधिक 26 योजनाएं घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में हैं। इसके अलावा भीमपुर में 11, चिचोली में 7, शाहपुर में 6, आमला में 5, मुलताई में 3, पट्टन में 3, आठनेर में 2 और भैंसदेही में 2 योजनाएं शामिल हैं। जिन स्थानों पर ट्यूबवेल में में पानी नहीं मिला है, वहां अब पीएचई विभाग कुओं के माध्यम से जलस्त्रोत तलाशने की तैयारी कर रहा है। ताकि इन नलजल योजनाओं को शुरू किया जा सके।

कुंओं से नलजल योजना को जोडने का प्रयास

पीएचई विभाग के सूत्रों के अनुसार जो नलजल योजनाएं पानी के अभाव में शुरू नहीं हो पाई है, ऐसी योजनाओं को कुंओं के माध्यम से जोडकर शुरू किया जायेगा। विभाग का मानना है कि कई बार ट्यूबवेल में पानी नहीं मिलने के बावजूद कुओं में जलस्तर उपलब्ध रहता है। ऐसे में कुएं का निर्माण कर नलजल योजना से जोडने का प्रयास किया जाएगा, ताकि लंबे समय से बंद पड़ी योजनाओं को शुरू किया जा सके। जलस्त्रोत नहीं मिलने के कारण योजनाओं का शुरू नहीं होना, नलजल व्यवस्था की बड़ी चुनौती बनी हुई है। योजना का निर्माण होने के बाद भी यदि गांव को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है तो इसका सीधा असर ग्रामीणों पर पड़ता है। ऐसे में नई योजनाओं के निर्माण के साथ जलस्त्रोत की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

पंचायतों को जिम्मेदारी के साथ तकनीकी सहयोग भी जरूरी

नलजल योजनाओं का संचालन पंचायतों को सौंपने से स्थानीय स्तर पर मरम्मत कार्य में तेजी आने की उम्मीद है, लेकिन योजनाओं को नियमित रूप से संचालित रखने के लिए पंचायतों को समय पर बजट के साथ तकनीकी सहयोग भी जरूरी होगा। वहीं जिन 63 योजनाओं में अब तक पानी का स्त्रोत नहीं मिल पाया है, उनके लिए स्थायी जलस्त्रोत विकसित करना विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। केवल योजना को हैंडओवर करने से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध नहीं होगा, इसके लिए जलस्त्रोत और नियमित संधारण, दोनों की व्यवस्था प्रभावी बनाना जरूरी है।

तीन स्तर पर होगा योजनाओं का संधारण

नई व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतें नलजल योजनाओं का संधारण तीन स्तर पर करा सकेंगी। लघु स्तर के कार्यों में छोटी-मोटी मरम्मत शामिल होगी। इसके लिए पंचायत अपने स्तर पर अधिकतम 10 हजार रुपए तक खर्च कर सकेगी। इससे पाइपलाइन में लीकेज या अन्य छोटी खराबियों को तत्काल दूर कराया जा सकेगा। वृहद स्तर के मरम्मत कार्य जनपद पंचायत के माध्यम से कराए जाएंगे। इसके लिए जनपद स्तर पर तीन से पांच एजेंसियां निर्धारित की जाएंगी और टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से काम कराया जाएगा। वहीं नवीन कार्यों में नए बोर खनन सहित बड़े कार्य शामिल होंगे। ऐसे कार्यों के लिए पीएचई और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग द्वारा पहले स्टीमेट तैयार किए जाएंगे। इसके बाद ग्राम पंचायत द्वारा टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कार्य करवाया जाएगा।


इनका कहना है

हमारे पास कुल 1091 नलजल योजनाएं थी, इनमें से 842 योजनाओं को पंचायतो के हैंडओवर कर दिया गया है। शेष बची 249 योजनाओं पर अभी काम चल रहा है। नलजल योजनाओं का संचालन और संधारण कार्य भी ग्राम पंचायतों के माध्यम से करवाया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर से पंचायतों को बजट भी दिया गया है।

- रवि वर्मा, ई.ई., पी.एच.ई. विभाग बैतूल

2 मोटर पंप सहित शत-प्रतिशत मशरूका बरामद

मोटर पंप चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल/शाहपुर

शाहपुर पुलिस ने खेतों से मोटर पंप चोरी करने वाले आरोपियों को पकडने में बड़ी सफलता हासिल की है । पुलिस ने मामले में संलिप्त 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ 2 विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लेकर चोरी गया संपूर्ण मशरूका बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 सितंबर को फरियादी बबलू भलावी पिता फुल्लर भलावी, ग्राम टेमरामाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके घोनीघाट वाले खेत स्थित बोरवेल में लगी 5 एचपी की ट्यूबवेल मोटर पंप कीमती 25,000, 21 सितंबर को कोई अज्ञात चोर रस्सा व केबल काटकर चोरी कर ले गया। इसके अतिरिक्त, गांव के ही राजपाल वट्टी के खेत के कुएं से भी 3 एचपी की पनडुब्बी पानी की मोटर पंप कीमती 8,000 चोरी होना पाया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए एवं ग्रामीणों द्वारा आरोपियो को पकडने की सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और चोरी के संदेह में दीपक पिता शंकर कडोपे, निवासी ढुमका रैय्यत, थाना शाहपुर, आशीष पिता चतरु काकोडिया, निवासी ढुमका रैय्यत, थाना शाहपुर, साहिल पिता बस्तीराम धुर्वे, उम्र 18 साल, निवासी टेमरारैय्यत, थाना शाहपुर एवं 2 विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने पर उनके कब्जे से चोरी की गई ट्यूबवेल मोटर पंप एवं पनडुब्बी मोटर पंप विधिवत जप्त की गई। सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमरे, सहायक उपनिरीक्षक राजेश गहलोद, प्रधान आरक्षक मुकेश सिंह साध, आरक्षक शुभम एवं आरक्षक आदेश की महत्वपूर्ण व सराहनीय भूमिका रही।

राष्ट्रीय सामूहिक गान का भव्य आयोजन कल

बैतूल। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के निर्देशानुसार वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय सामूहिक गान आयोजन किया गया है। जिससे जनमानस में मातृ भूमि के प्रति श्रद्धा, राष्ट्रभक्ति की भावना, एकात्मकता तथा हम एक ही हैं का भाव विकसित करने के उद्देश्य को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालापाठा द्वारा यह आयोजन अटल सभागार जेएच कॉलेज में कल 25 सितंबर प्रातः 10 बजे से आयोजित है। संस्था ने सभी से उपस्थित होने की अपील की है।

अवैध शराब निर्माण के ठिकानों पर भी की कार्रवाई

वर्धा नदी की खाइयों में पुलिस की दबिश 20 क्विंटल अवैध महुआ लाहन नष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶मुलताई

मुलताई में अवैध शराब के निर्माण और विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 22 सितंबर 2026 को पुलिस सहायता केंद्र प्रभात पट्टन के स्टाफ ने वर्धा नदी क्षेत्र की दुर्गम खाइयों में पहुंचकर अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस टीम ने मौके से करीब 20 क्विंटल अवैध महुआ लाहन नष्ट किया। इसके साथ ही अवैध शराब तैयार करने के लिए बनाए गए ठिकानों को भी नष्ट किया गया। पुलिस के अनुसार, जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे एवं मुलताई एसडीओपी एस.के. सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास पटेल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।-पुलिस सहायता केंद्र प्रभात पट्टन के स्टाफ ने वर्धा नदी क्षेत्र की खाइयों में उतरकर उन स्थानों की तलाशी ली, जहां अवैध रूप से शराब बनाने के लिए महुआ लाहन तैयार किए जाने की आशंका थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम को बड़ी मात्रा में महुआ लाहन मिला, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

घर आंगन मिलन कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न

सेवा को मिले जनभागीदारी से सम्मानः सुधाकर पंवार




हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर केन्द्रीय नेतृत्व के आव्हान पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण जिला बैठक भाजपा जिला कार्यालय विजय भवन में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्रों में सेवा करने वाली कार्यकर्ता और सहायिकाओं का उदाहरण देते हुए बताया कि जिस तरह से आंगनवाडी कार्यकर्ता और सहायिका भारत के भविष्य को सवारने के लिए सच्चे मन से सेवा करती है। उनका सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। सेवा ही भाजपा का मूल मंत्र है और सेवा को सम्मान देना ही सच्ची जनसेवा है। श्री पंवार ने कहा कि आंगन मिलन कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का माध्यम है।

54.20 किलोग्राम वजनी गांजे के हरे पौधे किए गए जब्त

मक्के के खेत में छिपाकर उगाए गए गांजे के 1,270 पौधे जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भौंरा/शाहपुर।



शाहपुर पुलिस ने ग्राम सेमरपुरा (सेमलपुरा) में दबिश देकर मक्के के खेत के बीच छुपाकर उगाए गए अवैध गांजे के हरे पौधे कुल 1,270 पौधे जप्त कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 22 सितंबर को थाना शाहपुर पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सेमरपुरा निवासी नकुल जावलकर के घर के पीछे स्थित बाड़ी (खेत) में अवैध रुप से गांजे के पौधे लगे हुए हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उप निरीक्षक नीरज खरे के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम मय गवाहान एवं विवेचना किट के मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंची। खेत पर संदेही केशव पिता गांगाराम जावलकर, निवासी ग्राम सेमरपुरा एवं नकुल पिता केशव जावलकर, निवासी ग्राम सेमरपुरा उपस्थित मिले। खेत की तलाशी के दौरान मक्के की फसल के बीच में छुपाकर लगाए गए छोटे एवं बड़े आकार के हरे पत्तेदार गांजे के पौधे (फूल सहित) पाए गए। कुल 1,270 नग (लंबाई 2 फीट से 8 फीट तक) , कुल वजन 54.20 किलोग्राम, कीमत- लगभग 2,16,800, मौके की संपूर्ण कार्यवाही की वीडियो ग्राफी कराई गई एवं जप्त पौधों को गवाहों के समक्ष सीलबंद किया गया।

दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना शाहपुर में धारा 8, 20(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है एवं मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमरे, उप निरीक्षक नीरज खरे, सहायक उप निरीक्षक प्रहलाद सिंह तिलवरिया, प्रधान आरक्षक संतोष सरेयाम (एच.सी.एम.), आरक्षक धीरज काले, आरक्षक सलमान शाह एवं आरक्षक जयकिशन विश्वकर्मा की मुख्य व सराहनीय भूमिका रही।

स्कूल प्रांगण व छात्रावास में किया पौधारोपण

वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैः अशोक अड़लक



हरिभूमि न्यूज ▶▶भैंसदेही

नवसृजन जन कल्याण समिति भैंसदेही द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चिल्कापुर एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कल्पतरू एवं कदंब के पौधे लगाये गये। समिति अध्यक्ष अशोक अड़लक के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पौधो को पालने का संकल्प भी लिया। अध्यक्ष अशोक अड़लक ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया कि वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। मनीष नावंगे ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। प्राकृतिक वातावरण शुद्ध व स्वच्छ है। प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा। जहां एक ओर पेड़ पौधे हमें फल और छाया देते हैं, वहीं पेड़ पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती हैं।

इस बार पुल निर्माण के चलते करबला में नहीं होगा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल।

अनंत चतुर्दशी पर 25 सितंबर को गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगरपालिका ने हमलापुर में मुख्य विसर्जन स्थल तैयार किया है। यहां दो अस्थाई कुंड बनाए गए हैं, जिनकी गहराई 15 फीट से ज्यादा है। इससे बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन भी आसानी से हो सकेगा। नपा ने गणेश समितियों और श्रद्धालुओं से इन्हीं कुंडों में प्रतिमाओं का विसर्जन करने की अपील की है।



नगर पालिका के उपयंत्री पंकज धुर्वे ने बताया कि इस बार बारिश कम होने के कारण नदी में पानी कम है। ऐसे में हमलापुर में अस्थाई कुंड बनाकर विसर्जन की व्यवस्था की गई है। स्थल पर रोशनी के साथ क्रेन की व्यवस्था भी की गई है। बड़ी प्रतिमाओं को कुंड तक पहुंचाने और विसर्जन में क्रेन की मदद ली जाएगी। करबला घाट पर पुल का निर्माण होने के कारण इस बार वहां प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया जाएगा। हालांकि नगरपालिका ने एहतियात के तौर पर वहां जगह समतल कराकर लाइट की व्यवस्था की है। फिल्टर प्लांट क्षेत्र में भी जरूरी इंतजाम किए गए हैं।

नमामि भारतम कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक

25 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर होगा सामूहिक वंदे मातरम गायन



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारनी

वंदे मातरम्-राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती द्वारा आयोजित नमामि भारतम कार्यक्रम को लेकर बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर सारनी में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के जिला प्रभारी विनय डोंगरे ने बताया कि 25 सितंबर को सुबह 11 बजे देशभर में एक साथ एक स्वर में वंदे मातरम् राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया जाएगा।

कार्यक्रम को गरिमामय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में आयोजन की तैयारियों, अनुशासन और समयबद्धता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम निर्धारित समय पर शुरू हो और सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित रूप से संचालित हों, इसके लिए जिम्मेदारियां भी तय की गईं। विनय डोंगरे ने कहा कि राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के स्मरण और सामूहिक गायन से नागरिकों में राष्ट्र के प्रति प्रेम, सम्मान और गौरव की भावना मजबूत होती है। प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का सम्मान करते हुए उसके गायन में सहभागिता करनी चाहिए। बैठक की अध्यक्षता सरस्वती शिशु मंदिर सारनी के अध्यक्ष डीपी मिश्रा ने की। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य चंद्रशेखर टैगोर, अंबादास सुने, दीपक वर्मा, हरिओम कुशवाह, योगेंद्र ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

उमंग है तो जिंदगी में रंग हैं, बेटियों ने सीखा स्वस्थ और सकारात्मक जीवन का मंत्र

बेटियों को बताया एनीमिया से बचाव, पॉक्सो एक्ट और साइबर अपराध से सुरक्षा का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल



ईएफए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंज में 22 सितंबर को उमंग दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम उमंग है तो जिंदगी में रंग हैं रही। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, नकारात्मकता कम करना और जीवन कौशल व व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना रहा।

प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि कार्यक्रम में छात्राओं को एनीमिया क्या और क्यों विषय पर जानकारी दी गई। प्राचार्य ललितलाल लिल्होरे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूचिता खाड़े, जिला सहायक कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश माकोड़े, नर्सिंग ऑफिसर शिखा पंवार, कविता खपरिये, उमंग काउंसलर शिल्पा वर्मा, स्वयंसेवी संस्था प्रदीपन से चारू वर्मा, प्रत्याक्षा से तूलिका पचोरी तथा सुपरवाइजर एनआरएचएम, वार्ड आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम का मार्गदर्शन रहा। डॉ. रूचिता खाड़े ने बताया कि आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी-12 की कमी सहित रक्तस्राव और बढ़ती रक्त की जरूरत एनीमिया के कारण हो सकते हैं। इसके प्रमुख लक्षण थकान, कमजोरी और पीलापन हैं, जबकि गंभीर स्थिति में चक्कर, बेहोशी, पसीना, तेज नब्ज और तेजी से सांस लेने जैसी समस्या हो सकती है। प्रकाश माकोड़े ने भी एनीमिया के लक्षणों की जानकारी दी। शिल्पा वर्मा ने पोषणयुक्त आहार, दूध, फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, चुकंदर, शकरकंद और अनाज लेने तथा जंक फूड से बचने की सलाह दी। चारू वर्मा ने बाल अधिकार, पोषण, लाडो अभियान और गुड टच-बैड टच की जानकारी दी।

खबर संक्षेप

नहीं रहे वरिष्ठ साहित्यकार पं. प्रेम नारायण व्यास

सोहागपुर। क्षेत्र के वरिष्ठ



साहित्यकार एवं आध्यात्मिक तथा सनातन संस्कृति पुनरुत्थान मंडल शाखा सोहागपुर के अभिन्न अंग पंडित प्रेम नारायण व्यास का बुधवार को निधन हो गया। जानकारी अनुसार विप्रबंधुओं सौरभ व्यास तथा गौरव व्यास के पिता पं. प्रेम नारायण व्यास ने दशकों तक यज्ञ सम्राट ब्रह्मलीन पं. मनमोहन प्रसाद मुद्गल के साथ मध्य प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों में यज्ञ आयोजनों में महती भूमिका निभाई। पं. व्यास का निधन करीब 80 वर्ष की आयु में बुधवार सुबह हो गया है। बुधवार शाम करीब छह बजे स्व. पं. व्यास का अंतिम संस्कार नगर के जमनी मुक्तिधाम पर किया गया। इस दौरान परिजन, परिचित एवं सैकड़ों आमजन उपस्थित थे। क्षेत्रवासियों ने पंडित व्यास के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है।

संदीपनि स्कूल में विखं स्तरीय चित्रकला एवं प्रदर्शनी आज

सोहागपुर। नगर स्थित संदीपनि स्कूल में आज विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य राम किशोर दुबे ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे से आयोजन शुरू होगा। जिसमें सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह मुख्य अतिथि होंगे। अन्य अतिथियों के रूप में जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, जपं उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज, बीईओ राकेश उईके तथा बीआरसी राकेश रघुवंशी उपस्थित रहेंगे।

आज लगाया जाएगा सेवा सेतु कैंप

सीहोर। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत नागरिकों को योजना का लाभ पहुंचाने और जागरूक करने के उद्देश्य से सीहोर में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।यह सेवा सेतु कैंप 24 सितंबर गुरुवार को सीहोर बस स्टैंड स्थित होटल आदिश्री के पास लगाया जाएगा।

सतत जीवन शैली के लिए इको फ्रेंडली प्रोडक्ट पर व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी। राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय, पचमढ़ी में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के तत्त्वावधान में संचालित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम (ब्यूटीशियन कोर्स) के अंतर्गत बुधवार को "सतत जीवन शैली के लिए इको फ्रेंडली प्रोडक्ट" विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत 18 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक एक माह का अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण



कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 18 सितंबर 2026 को जनभागीदारी अध्यक्ष प्रवीण कोरी एवं विशिष्ट अतिथि मनीष गुप्ता तथा श्रीमती ज्योति यादव, सांदीपनी विद्यालय, पचमढ़ी के आतिथ्य में संपन्न हुआ था। आज आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. शेखर द्वारा सतत जीवन शैली के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए की गई। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रशिक्षिका सुश्री अनीता कुशवाहा ने इको फ्रेंडली प्रोडक्ट, हर्बल प्रोडक्ट तथा विभिन्न होम रेमेडीज के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल के क्षेत्र में प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के उपयोग तथा उनके महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ की प्रभारी सुश्री दीपाली जैन ने किया, ने सतत जीवन शैली की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। अंत में उन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों, प्रशिक्षिका एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. सत्य प्रकाश पटेल, रोहित कुशवाहा, डॉ. प्रफुल्ल कुमार टेंभरेकर, डॉ. सुरेश दहीकर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवन शैली के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।


सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी पचमढ़ी के कार्यकर्ताओं द्वारा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचमढ़ी में रक्तदान किया। शिविर में लगभग 41 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से छावनी परिषद के नामित सदस्य श्री संजय लेडवानी साडा के पूर्व अध्यक्ष कमल धूत जिला कोषाध्यक्ष संदीप जैन मंडल अध्यक्ष पवन झा पूर्व पार्षद संजीव जायसवाल महेश कनौजिया सुनील कोरी रूपेंद्र साहू ओम प्रकाश यादव महेश श्रीवास समस्त कार्यकर्ता बंधु एवं हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया डोलग्यारस पर्व

विशाल इनामी डंडा प्रतियोगिता संपन्न हुई, डोबी मंडल बना विजेता

श्री गणेशोत्सव एवं डोल ग्यारस के अवसर पर नगर के बिहारी चौक पर परंपरानुसार विशाल इनामी डंडा प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार रात किया गया। वहीं पिपरिया में भी विमान पर सवार होकर भगवान निकले।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



श्री गणेशोत्सव एवं डोल ग्यारस के अवसर पर नगर के बिहारी चौक पर परंपरानुसार विशाल इनामी डंडा प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार रात किया गया। प्रतियोगिता बुधवार दोपहर पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुई।

आयोजन से जुड़े पं. आयुष पालीवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष हमारी पुरातन धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने के लिए यह आयोजन किया जाता है। पं. आयुष पालीवाल के अनुसार प्रतियोगिता बुधवार दोपहर संपन्न हुई। जिसमें श्री मधुर मंडल डोबी विजेता बना। जिसे स्व. प्रेमशंकर पालीवाल की स्मृति में 12 हजार 101 रुपये इनामी राशि दी गई। द्वितीय स्थान पर रहे श्री नर्मदा मंडल नारायणपुर को स्व. लल्लू काका जायसवाल की स्मृति में पांच हजार 101 रुपये की इनामी राशि दी गई। तृतीय स्थान पर रहे श्री जगदंबा मंडल रजोन को तीन हजार 101 रुपये व चतुर्थ स्थान पर रहे श्री बजरंग मंडल तुलसीपार को दो हजार 101 रुपये की राशि दी गई। साथ ही तीन सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए हैं। तृतीय, चतुर्थ तथा अन्य सांत्वना पुरस्कार डोल ग्यारस समिति सोहागपुर ने दिए। समापन समारोह में डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह, समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, डंडा प्रतियोगिता आयोजन समिति संरक्षकद्वय पं. हर्षकुमार पालीवाल व पं. पुरुषोत्तम पालीवाल तथा अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

डोला में सवार होकर निकले भगवान, मनाया गया डोलग्यारस पर्व



पिपरिया प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जल झूलनी बोल ग्यारस पर डोला में बैठाकर भगवान ठाकुर जी को नगर भ्रमण किया गया। जनता ने अपने अपने परिवार जनों की कुशलता के लिए डोलेकेनीचे से निकल कर आशीर्वाद लिया।जगह जगह पूजा अर्चना करते हुए लोगों ने दर्शन किए गए। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी एवं अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के द्वारा भजन संध्या और गेड़ी नंतय प्रस्तुत कराया गया।रिपटा मंदिर में भगवान को जल में अभिषेक किया गया। तथा जल विहार कराया गया था। अनेकानेक सभी मंदिरों से भगवान को नगर भ्रमण किया गया।नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आसपास की ग्राम पंचायत में भी डोले निकाले गए थे।देर रात तक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुछ लोगों के द्वारा हाथ ठेला में भी नगर भ्रमण किया गया। तथा चोराहे पर गेड़ी नंतय प्रस्तुत किया गया।यह अनेकानेक वर्षों पुरानी परंपराओं को जीवित रखने का आयोजन किया गया। नगरपालिका क्षेत्र सहित अन्य सभी ग्रामीण क्षेत्रों में भी डोले निकाले गए थे। जिसमें भगवान ठाकुर जी को झुलाया गया।

नपा ने गोवंश को सुरक्षित रखने के लिए उठाए कदम




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगरपालिका परिषद क्षेत्र सहित अन्य सभी ग्राम पंचायतों में गोवंश की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। बजरंग दल हिंदू उत्सव समिति विश्व हिन्दू परिषद सहित अन्य सभी गोरक्षा की बात करने बाले ग्रुप सभी मौन है। सड़कों पर बिचरती गोवंश को लेकर कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। जबकि एक पंचायत में लगभग 25लाख के आसपास की लागत से गोवंश के लिए गोशाला तैयार किए गए हैं। लेकिन अभी वर्तमान में भी अब तो प्रत्येक गांव में बिच सड़क पर उतर आई है। मच्छर से परेशान हैं। सड़कों पर बिचरती बैठीहै । जिनके कारण अनेक बार लोगों के एक्सीडेंट हुआ करते हैं। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। अब नगरपालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय सहित अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों के सहयोग से बजार में बैठे हुए गौ वंश को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ट्रेक्टर ट्राली में भरकर गो शालाओं में ही भेजा जा रहा है। तथा गोशाला में भेजा गया है। आने वाले नवरात्रि पर्व के कारण भी विधिवत कार्य किया गया है।

गौरतलब हो कि लगभग सभी जगह जगह पूजा अर्चना कर अब हमेसुरक्षित रखने का प्रयास किया जाना चाहिए। सभी पालकों से नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल पूर्व विधायक अर्जुनलाल पलिया सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने गोवंश सड़कों पर नहीं छोड़ने की अपील की गई है।

श्री गणेश का किया विधायक ने पूजन, की निर्माण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह मंगलवार रात ब्लॉक के ग्राम चीचली पहुंचे। उन्होंने गांव में जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों से संपर्क किया। गांव में श्री गणेश युवा उत्सव समिति धानक मोहल्ला चीचली के पांडाल में विधायक पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान श्री गणेश की पूजा की। इसके बाद सभी को श्री गणेशोत्सव की बधाई दी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक विजयपाल सिंह ने गांव में चबूतरा निर्माण व टीन शेड निर्माण के लिए डेढ़-डेढ़ लाख रुपये देने घोषणा की। ग्रामीणों तथा श्री गणेशोत्सव समिति सदस्यों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रकाश पालीवाल, मनसुख लाल, चन्दन, धनसिंह धानक, दौलत, बारेलाल पहलवान व ग्रामवासी उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत पनारी व द लर्निंग स्टेंप विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनारी में द लर्निंग स्टेंप विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा संवाद स्थापित करने हेतु प्रायवेट विद्यालय को भी17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक टारगेट बनाया गया है। अभी तक शासकीय विद्यालयों में ही कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। लेकिन अभी प्रायवेट विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा संवाद स्थापित करने का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को द लर्निंग स्टेंप विद्यालय के संचालक हर्ष मालपानी आदित्य मालपानी सी पी सोनी के द्वारा भी आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश कुमार एवं सरपंच प्रीतम सिंह ठाकुर तथा अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा में बच्चों की चहचहाहट के बीच जब अतिथि पहुंचे तो जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम



लता भगवान सिंह पटेल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने नन्हे मुन्ने बच्चों से सीधा संवाद स्थापित किया गया तो पाया कि कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 8तक के ही बच्चों ने उत्साहपूर्वक फर्राटे दार अंग्रेजी पढ़ी बहुत बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया गया।तो जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने एक मां की तरह दुलार करती रही और घर में मां जिस तरहसे पढ़ाती है।उसी तरह से पाठ पढावाऐ तथा कुछ अन्य सभी सवालों को लेकर चर्चा हुई तो समाधान भी बच्चों ने उत्साहपूर्वक फर्राटे दार अंग्रेजी में सुनाकर समाधान पर मुहर लगा दी गई।

सांदीपनि विद्यालय आरएनए उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ कार्यक्रम

चित्रकला पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिसमें प्रदर्शनी का अवलोकन प्राचार्य संजीव दुबे ने अतिथियों को सुविधाजनक कराया गया। अतिथि हिंदु उत्सव समिति अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय गिरधर मंडल प्रीतम सिंह ठाकुर मनीष जैन सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र की उपस्थिति रही।मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर भगवान दास अग्रवाल आदि के द्वारा संबंधित मामले में उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम संचालन पुरषोत्तम दुबे ने किया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य अरविंद रघुवंशी के द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस तरह से लगातार प्रत्येक दिन सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी पचमढ़ी के कार्यकर्ताओं द्वारा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचमढ़ी में रक्तदान किया। शिविर में लगभग 41 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से छावनी परिषद के नामित सदस्य संजय लेडवानी साडा के पूर्व अध्यक्ष कमल धूत जिला कोषाध्यक्ष संदीप जैन मंडल अध्यक्ष पवन झा पूर्व पार्षद संजीव जायसवाल महेश कनौजिया सुनील कोरी रूपेंद्र साहू ओम प्रकाश यादव महेश श्रीवास समस्त कार्यकर्ता बंधु एवं हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहे।

श्रम कानूनों के उल्लंघन और महीनों से लंबित वेतन को लेकर खोला मोर्चा

आउटसोर्स कर्मचारियों के उत्पीड़न और अधिकारों के हनन पर भड़का आक्रोश, श्रम मंत्री को ज्ञापन सौंप उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत मंगलवार, 22 सितंबर को सीहोर जिले में आउटसोर्स एवं ठेका प्रथा के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक प्रभावी ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर किरण वरवड़े को जिला कलेक्टर कार्यालय में दिया गया।

संघ के पदाधिकारियों ने जिला श्रम अधिकारी सीहोर के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन के श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को ज्ञापन प्रेषित कर श्रम कानूनों के अनुरूप न्यूनतम वेतन, भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, बोनस तथा मानदेय का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने की जोरदार मांग उठाई है।

ज्ञापन में इस बात पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया गया है कि शासकीय विभागों, निगमों, मंडलों, शासकीय अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों में सेवाएं दे रहे आउटसोर्स कर्मियों का जीवन अनिश्चितता और आर्थिक विषमताओं के भंवर में फंसा हुआ है। संघ ने स्पष्ट किया कि यह विषय केवल कर्मचारियों के हित-साधन तक सीमित नहीं है, अपितु यह श्रम विधानों के अनुपालन, श्रमिकों के वैधानिक अधिकारों तथा सामाजिक सुरक्षा की बुनियाद से जुड़ा अत्यंत गंभीर और संवेदनशील मामला है।

ज्ञापनपत्र के माध्यम से जिले में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों की प्रमुख समस्याओं को रेखांकित करते हुए बताया गया कि विभिन्न शासकीय विभागों और कार्यालयों में तैनात कर्मचारियों को महीनों तक वेतन का भुगतान नहीं किया जाता। कई-कई माह तक वेतन लंबित रहने के कारण कर्मचारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है तथा उनके परिवारों को अत्यंत विकट आर्थिक कठिनाइयों और मानसिक संताप का सामना करना पड़ रहा है।संघ के जिला अध्यक्ष अरविन्द शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह सिसोदिया एवं प्रदेश महामंत्री प्रकाश पुंज चौधरी ,अरविंद शर्मा संवाद प्रभारी रत्नेश शेव, जागृति ठाकुर, प्रकाश मालवीय, भूपेंद्र वर्मा, अंतर मीणा, मोहन मेवाडा, शुभम, हरीश राठौर, सहित अन्य पदाधिकारियों का कहना है कि यदि कर्मचारियों को उनके पसीने का उचित और समयानुसार मूल्य प्राप्त नहीं होगा, तो वैधानिक व्यवस्था की सार्थकता पर प्रश्नचिह्न खड़ा होना स्वाभाविक है। संघ ने मांग की है कि आउटसोर्स व्यवस्था के नाम पर हो रहे इस शोषण को तत्काल रोका जाए तथा ठेकेदारों एजेंसियों को पाबंद कर श्रम नियमों के तहत न्यूनतम वेतन, ईपीएफ, ईएसआईसी और समय पर मानदेय का भुगतान कड़ाई से सुनिश्चित कराया जाए।

समस्त शासकीय एवं अशासकीय विभागों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों तथा निजी प्रतिष्ठानों में आउटसोर्स या ठेके कर्मियों की सुरक्षा के लिए श्रम विभाग ने विशेष निर्देश जारी किए हैं। सहायक श्रम आयुक्त ने सभी नियोजकों को निर्देशित किया है कि वे आउटसोर्स कर्मचारियों को श्रम कानूनों का लाभ प्रदान करें व निर्धारित समय पर वेतन का भुगतान करें। इसकी रिपोर्ट महीने की 7 तारीख तक कार्यालय में देनी होगी। साथ ही विभाग और आउटसोर्स ठेकेदार दोनों का पंजीयन अनिवार्य किया गया है। श्रम विभाग ने चेतावनी भी दी है कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी संस्थान या ठेकेदार द्वारा नियमों का उल्लंघन पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षकों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रांतीय शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सीहोर। शिक्षकों की लंबे समय से लंबित विभिन्न समस्याओं के निराकरण और शिक्षक हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग को लेकर प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा कलेक्टर महोदय के नाम संयुक्त कलेक्टर रवींद्र परमार को एक ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों का समय पर निराकरण न होने से शिक्षकों में असंतोष एवं भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है।

ज्ञापन के माध्यम से संघ ने निम्नलिखित प्रमुख मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की है राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेश क्रमांक 3740 (दिनांक 24/06/2026) के तहत बी.ए.सी. एवं जनशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया को नियमानुसार शीघ्र पूर्ण किया जाए। 2014 में नियुक्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की 12 व 24 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर क्रमोन्नति आदेश जारी किए जाएं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी, जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, बलराम पंवार,हेमंत मालवीय, बद्री प्रसाद वर्मा, जितेंद्र सेन,विनोद सेंगर, राजेश तिवारी,राजेश राठी, चंदर वर्मा,वंदना गहरवाल, दीपिका डसानिया ,सुबोध जायसवाल,ओमप्रकाश परमार, देवेश शर्मा, लक्ष्मण बैरागी,जगदीश सेन , राजेंद्र परमार,आशीष शर्मा,,जगदीश चंद्रवंशी, मुकेश बैरागी,रामेश्वर नागर, अबरार खान, जाहिद अफजाल,रघुनाथ सिंह मेवाडा, जे .पी. दुबे माखन बाकोदिया, रमेश चंद्र भारती ,संजय जाट,कल्याण सिंह ठाकुर, आशीष जोशी,जीवन सिंह परमार , नन्नू लाल दंगोलिया ,मानसिंह नागलिया ,डीसी कीर शिक्षक मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



11वां अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया

हरदा। 11वें अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा बुधवार को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आयुर्वेद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अभिरुचि सिंह ने दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान धन्वंतरि का पूजन कर किया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने आयुर्वेद के महत्व, उपयोगिता एवं दैनिक जीवन में इसकी भूमिका के संबंध में सामान्य जानकारी दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में आयुर्वेद के प्रति रुचि एवं ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक सहभागिता की और आयुर्वेद से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम में आयुष विभाग व महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नवरात्रि के लिए माताजी के खंभ की स्थापना की



खिरकिया। श्री दाना बाबा नवदुर्गा उत्सव समिति के द्वारा आगामी नवरात्रि उत्सव के लिए पंडाल निर्माण के पूर्व खंभ की स्थापना शुभ मुहूर्त में पंडित रमेश चंद व्यास के द्वारा कराई गई। समिति के जुगल सेनी के द्वारा बताया गया कि खम्भ स्थापना के पश्चात आगामी समय में भव्य पंडाल निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। समिति द्वारा पिछले 18 वर्ष है माता जी की स्थापना की जा रही है। इस अवसर पर समिति के भरत हेडा राम खरबडिया डॉ उमेश शर्मा विनय राजपूत गोविंदा तापड़िया परशराम भाटी शैलेंद्र सोनी अंकित जैन महेंद्र सोलंकी हरिओम बांके आशीष सोलंकी संजय मीणा हिमांशु गुर्जर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

6 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

हरदा। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन इस वर्ष 6 अक्टूबर को मिडिल स्कूल ग्राउंड हरदा में आयोजित किया जाएगा। कवि सम्मेलन का यह 21वां वर्ष है। कार्यक्रम रात 9 बजे से शुरू होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कमल सांस्कृतिक मंच के संयोजक देवीसिंह सांखला ने बताया कि कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए सुप्रसिद्ध कवि अपनी रचनाओं की प्रस्तुतियां देंगे। हास्य, व्यंग्य, गीत, श्रृंगार और वीर रस की कविताओं से सजी इस काव्य संध्या में श्रोता देर रात तक काव्य रस का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में टीवी स्टार, संचालक एवं पैरोडीकार डॉ. आदित्य जैन, सुप्रसिद्ध गीतकार डॉ. राजीव राज, हास्य के जादूगर मुन्ना बैटरी, श्रृंगार रस की कवयित्री अंशु प्रिया दुबे एवं प्रीति पांडे, वीर रस के कवि मोहित सक्सेना, हास्य कवि डॉ. हरीश हिंदुस्तानी, पैरोडी के माध्यम से गुदगुदाने वाले पार्थ नवीन तथा हास्य की फुलझड़ियां छोड़ने वाले सौरभ जायसवाल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आयोजक देवीसिंह सांखला ने बताया कि कवि सम्मेलन को लेकर मंच एवं अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

जनसुनवाई में आए 42 आवेदन

सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव एवं अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना ने समस्याएं सुनीं । जनसुनवाई में जिलेभर से आए 42 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

पुलिस ने की कार्रवाई, 7 लाख रुपए की 38.15 ग्राम एमडी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 38.15 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स बरामद हुई है। इसकी कीमत करीब 7 लाख 60 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने ड्रग्स के परिवहन में इस्तेमाल नीले रंग की विटारा ब्रेजा कार भी जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 4 लाख रुपए है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 11 लाख 60 हजार रुपए है। पुलिस ने 22 सितंबर को कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि छोटी हरदा अंडरब्रिज की ओर से हंडिया जा रही नीले रंग की ब्रेजा कार यात्री प्रतीक्षालय, छोटी हरदा के पास पहुंचने वाली है। सूचना पर पुलिस ने निगरानी शुरू की। पुलिस को देखकर चालक ने कार रोकने के बजाय उसे यात्री प्रतीक्षालय की ओर मोड़कर हंडिया की तरफ भागने का प्रयास किया। संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस ने पीछा कर कार को रुकवाया। कार में चालक सहित तीन लोग सवार थे। पूछताछ में चालक ने अपना नाम आदर्श राजपूत (24), निवासी देव कॉलोनी, हरदा बताया। पीछे बैठे लोगों की पहचान शाहफैजल उर्फ सानू (38), निवासी गढ़ीपुरा और रामभरोस उर्फ राहुल मीना (32), निवासी ग्राम झालवा, हाल हरिओम नगर, साईं मंदिर के पास, हरदा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में शाहफैजल उर्फ सानू ने कार में एमडी ड्रग्स होने की जानकारी दी। नियमानुसार तलाशी लेने पर तीनों के पास कोई अवैध वस्तु नहीं मिली। कार की तलाशी में पीछे की सीट के बीच प्लास्टिक की पन्नी में हल्के भूरे रंग का पदार्थ मिला।

जांच में यह एमडी (मेफेड्रोन) निकला, जिसका वजन 38.15 ग्राम था। पुलिस ने कार और मादक पदार्थ जब्त कर लिया। तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में निरीक्षक आरएस तिवारी, उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम गौर, प्रधान आरक्षक कमलेश, आरक्षक वीरेंद्र, साइबर सेल के आरक्षक मनोज दौहरे और सैनिक सूरज पासी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

हरदा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बुधवार को कार्यवाही करते हुए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि रहटगांव में रामगोपाल किराना स्टोर से मिर्च पाउडर व गरम मसाला तथा श्री हरि टी स्टॉल मिष्ठान भंडार रहटगांव से दही, मिठाई व लड्डू के सैंपल लिये गये। वहीं निरीक्षण के दौरान श्री हरि टी स्टॉल मिष्ठान भंडार में अस्वच्छता पाई गई, जिस पर अस्वच्छता का प्रकरण सक्षम न्यायालय में पेश किया जाएगा। इसके अलावा हरदा में पलक फास्ट फूड, सांवरिया फास्ट फूड व जय गुरु शुभम चाउमीन (गुलजार भवन के पास) का भी निरीक्षण किया गया। लिये गये सभी सैंपल खाद्य परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जाएंगे।



धर्मशाला के 100 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव

'नर्मदे हर' के जयघोष के साथ शताब्दी समारोह की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा धर्मशाला स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एवं धर्मशाला के संस्थापक सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर ने बताया कि शताब्दी समारोह की शुरुआत में मंगलवार को सुबह हंडिया से नर्मदा जल लाया गया, वहीं धर्मशाला के द्वार पर पूजन किया गया। इसके बाद पूजन, अभिषेक, हवन हुआ। पूजन के दौरान नर्मदाष्टक, सुंदरकांड पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं महाआरती हुई। कार्यक्रम में उपस्थित होने आसपास के क्षेत्रों से नार्मदीय ब्राह्मण समाज के सदस्य उत्साह से अपनी उपस्थिति देने पधार रहे है।शाम को समाजजनों ने डोल पूजन किया इसके बाद विष्णु सहस्त्रनाम पाठ की संगीतमय प्रस्तुति हुई।

युवा जागृति मित्र मंडल ने कराया कन्या भोजन

भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा विराजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭रहटगांव



युवा जागृति मित्र मंडल रहटगांव द्वारा जेपी परिसर में भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा विराजित की गई है। गणेश उत्सव के दौरान समिति द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को विशाल कन्या भोजन का आयोजन किया गया।

इसमें शासकीय एवं निजी स्कूलों की छात्राओं सहित ग्राम की कन्याओं ने शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। समिति के अध्यक्ष विजय गौर ने बताया कि युवा जागृति मित्र मंडल द्वारा पिछले 22 वर्षों से जेपी परिसर में भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित कर सेवा की जा रही है। गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भगवान गणेश को विशेष भोग लगाया जाता है तथा आरती एवं पूजन के बाद भक्तों को महाप्रसादी वितरित की जाती है।

समिति द्वारा प्रतिवर्ष उपहार योजना भी संचालित की जाती है। गणेश उत्सव के दौरान आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल में भगवान गणेश के दर्शन करने पहुंचते हैं। आयोजन में विजय गौर, अमित गौर, शंभू सोनी, बबलू मीणा, संजय गौर, विकास गौर, नितिन गौर, आशीष ऊपरीन, नर्मदा मालवीय, अशोक मालवीय, मंगल राठौर, अर्जुन सांखला, अतुल जोशी, राकेश गौर, प्रमोद राठौर एवं बंटी मालवीय सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक संपन्न

बिजली, कृषि, नहर, सड़क व कृषि विज्ञान के मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



भारतीय किसान संघ जिला हरदा की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के निराकरण को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। बिजली, कृषि, नहर, सड़क और कृषि विज्ञान सहित विभिन्न विषयों पर विभागवार समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा गया और उनके समाधान को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में आगामी रबी सीजन को देखते हुए खाद की उपलब्धता प्रमुख मुद्दा रहा। किसान संघ के पदाधिकारियों ने कृषि उप संचालक के साथ खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने पर चर्चा की। इसके साथ ही खाद वितरण के लिए लागू ई-टोकन व्यवस्था में आ रही परेशानियों और उसमें आवश्यक सुधार किए जाने को लेकर भी अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया।

किसान संघ पदाधिकारियों ने बिजली व्यवस्था, नहरों की स्थिति, ग्रामीण सड़कों तथा कृषि से जुड़ी अन्य समस्याओं पर भी विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने और विभागों के बीच समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, मंत्री विजय मलगाया, आनंद राम किरार, ब्रज मोहन राठौर, कैलाश गुर्जर, चिरौंजी लाल विश्नोई, हरिओम गौर, राजेंद्र बांके, राजनारायण गौर, अरुण पटवारे, विनय यादव, दीपक पटेल, आनंद पटेल, उमेश गौर एवं रूपसिंह राजपूत सहित किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हितग्राहीमूलक योजनाओं के लक्ष्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिले की डीएलसीसी-डीएलआरसी की त्रैमासिक बैठक अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में आर.बी.आई. के एलडीओ मनोज कुमार, डीडीएम नाबार्ड राहुल कुशवाह, अग्रणी जिला प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक मनोज पवार, आरसेटी डायरेक्टर दिनेश कुमार शाक्य सहित जिले के सभी नोडल बैंक अधिकारी, शाखा प्रबंधक एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार ने वित्त वर्ष 2026-27 में शासन द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं के लक्ष्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित किये गये सभी लक्ष्यों को समय-सीमा से पूर्व पूर्ण किया जाए, इसके लिए विभाग एवं बैंक आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। बैठक में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास स्व-रोजगार योजना, डॉ. भीमराव आर्थिक कल्याण योजना सहित कृषि, उद्यानिकी, उद्योग व अन्य विभागों के माध्यम से संचालित स्व-रोजगार एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत विभागों द्वारा बैंकों को आवंटित लक्ष्य, उनके विरुद्ध प्रस्तुत प्रकरण, स्वीकृत प्रकरण एवं हितलाभ वितरण की बैंक शाखावार, योजनावार विस्तार से समीक्षा की गई।

जिला जेल में श्रद्धा और भक्ति के साथ गणेश उत्सव का आयोजन

बंदियों की प्रस्तुतियों ने दिया सुधार का संदेश

मराठी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन



जिला जेल में गणेश उत्सव के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति, संस्कृति एवं सामाजिक समरसता से परिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बालकृष्ण पाटीदार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जेल अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बंदियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना एवं गणेश स्तोत्र के पाठ से हुआ। इसके पश्चात विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने भगवान श्री गणेश की महाआरती की। गणेश जी को छप्पन भोग अर्पित कर जेल परिवार, बंदियों एवं उनके परिजनों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। गणेश उत्सव के लिए जेल परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भगवान श्री गणेश की सुंदर झांकी के साथ पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। महाआरती के बाद मराठी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिला एवं पुरुष बंदियों तथा जेल कर्मचारियों ने पारंपरिक वेशभूषा में महाराष्ट्र की लोक-संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण जेल अधीक्षक सुश्री हिमानी मनवारे सिंह की भक्तिमय गीत सत्यम, शिवम, सुंदरम की भावपूर्ण प्रस्तुति रही। उनकी प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिरस से भर दिया। उपस्थित अतिथियों एवं जेल परिवार ने प्रस्तुति की सराहना की। विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने बंदियों एवं जेल कर्मचारियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए गणेश उत्सव को श्रद्धा और संस्कृति का सुंदर संगम बताया।

उन्होंने बंदियों द्वारा उत्साह एवं लगन से तैयार की गई प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में बंदियों की सक्रिय सहभागिता ने यह संदेश दिया कि जेल केवल सुरक्षा एवं निरुद्धता का स्थान नहीं, बल्कि सुधार, संस्कार, रचनात्मकता और सकारात्मक परिवर्तन का भी केंद्र है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से बंदियों में सकारात्मक सोच, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की भावना को प्रोत्साहित किया ।



ग्यारस का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, डोल निकाले

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिले में मंगलवार शाम डोल ग्यारस का उत्सव मनाया गया। जिलेभर के विभिन्न मंदिरों से भगवान कृष्ण के बाल रूप को डोल में बैठाकर नगर भ्रमण कराया गया। उमस के बावजूद भक्तों में उत्साह दिखा।

महिलाओं ने अपने घरों के सामने रंगोली और आरती सजाकर बालगोपाल की पूजा की। उन्होंने परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। देर शाम शहर के घंटाघर चौक पर सभी मंदिरों से निकले डोल एकत्रित हुए और भक्तों ने दर्शन किए। यहां से चल समारोह की शुरुआत हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। इसमें मंदिरों और सामाजिक संगठनों ने आकर्षक विमानों में लड्डू गोपाल को बैठाकर झांकियां निकालीं। गोसाई मंदिर की ओर से पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ युवाओं की टोली निकली। जिलेभर के विभिन्न मंदिरों से भगवान कृष्ण के बाल रूप को डोल में बैठाकर नगर भ्रमण कराया गया। मारवाड़ी अग्रवाल समाज और गाडरी समाज द्वारा प्रस्तुत गैर नृत्य खास रहा। शहर के प्रमुख मंदिरों में गोसाई मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, पंचायती मंदिर, कन्हैया मंदिर, नरसिंह मंदिर, संत रविदास मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर और राम मंदिर शामिल थे। युवाओं ने भगवान शिव का रूप धारण कर बैंड की धुन पर नृत्य किया।

आस्थाग्राम ट्रस्ट में भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन

पहल के अंतर्गत आस्थाग्राम ट्रस्ट, खरगोन में निर्मित बहुउद्देशीय भवन के साथ रसोई एवं स्टोर रूम का उद्घाटन किया गया। इस पहल से ट्रस्ट परिसर में उपलब्ध सुविधाओं को और सुदृढ़ किया गया है। इस अवसर पर केशब चंद्र सिंहा राय, परियोजना प्रमुख, खरगोन एवं शदेबामित्रा सिंहा राय, अध्यक्षा, अहिल्या महिला मंडल ने वरिष्ठ अधिकारियों एवं समिति के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में नवनिर्मित सुविधाओं का उद्घाटन किया। आस्थाग्राम ट्रस्ट परिसर में आसपास के गांवों के आदिवासी बालक-बालिकाओं के लिए आवासीय विद्यालय की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही परिसर में दिव्यांग बच्चों, अनाथों एवं बेघर महिलाओं के लिए भी देखभाल एवं सहयोग प्रदान किया जाता है। नवनिर्मित सुविधाओं से परिसर में शैक्षणिक, आवासीय एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए अतिरिक्त एवं उपयोगी स्थान उपलब्ध होगा, जिससे लाभार्थियों के लिए बेहतर एवं अनुकूल वातावरण तैयार करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अहिल्या महिला मंडल द्वारा ट्रस्ट को पंखे भी प्रदान किए गए, जिससे बच्चों एवं परिसर में रहने वाले लाभार्थियों की सुविधा एवं दैनिक आवश्यकताओं में सहयोग मिल सके। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। फूड पैकेट भी वितरित किए गए।

शहर पहुंची सेवा संकल्प बाइक रैली, भाजपा जिलाध्यक्ष और विधायक ने किया स्वागत

पीएम नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन प्रेरणापुंज: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुजरात के बड़नगर से शुरू हुई सेवा संकल्प बाइक यात्रा मंगलवार देरशाम शहर पहुंची। यात्रा के नगर सीमा में आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, विधायक बालकृष्ण पाटीदार सहित भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। बाजे.गाजे के साथ यात्रा में शामिल हुए युवाओं को पुष्पमालाएं पहनाकर पुष्पवर्षा की गई। रैली में करीब 50 बाइकों पर 100 युवा सवार थे। यात्रा के साथ एक विशाल कलश भी है, जिसमें यात्रा मार्ग में आने वाली पवित्र नदियों का जल एकत्रित किया जा रहा है। शहर में भी भाजपा नेताओं ने आस्था के साथ इस कलश में कुंदा, नर्मदा जल अर्पित किया। रात्रि विश्राम के बाद सुबह यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष एवं विधायक ने ग्राम राजपुरा स्थित निधिवन में पौधरोपण किया। जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने कहा कि सेवा संकल्प बाइक यात्रा सिर्फ सफर नहीं, बल्कि युवा शक्ति के जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव का महाअभियान है। यह बाईक रैली सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की एक नई पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन त्याग, तपस्या और राष्ट्र सेवा का प्रतीक है। पीएम के जन्मस्थान वडनगर से उत्तरप्रदेश के वाराणसी तक युवाओं द्वारा निकाली जा रही यह बाइक यात्रा सेवा और संकल्प का अद्भुत संदेश है। विधायक पाटीदार ने कहा कि मोदी युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं और उनके नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। जब युवा ठान लेते हैं, तो हर संकल्प सिद्धि में बदल जाता है। पीएम नरेंद्र मोदी जी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है। उनके पीएम रहते कई क्रांतिकारी बदलाव हुए है। यात्रा का उद्देश्य है कि सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण सहित योजनाएं जन-जन तक पहुंचे। यह यात्रा निश्चित ही युवाओं में राष्ट्रप्रेम का भाव जाग्रत करेगी। जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकूश जायसवाल, अतिशय जोशी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।